# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

## (जलकल अनुभाग)

पत्रांकः– 1966(F)/1328(C)/जलकल/न0पा0प0फ0 (2026–27)        दिनांकः– 02/07/2026

### अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के जलकल अनुभाग में जलापूर्ति व्यवस्था हेतु राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत GST रहित | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित (Non-refundable) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मोहल्ला पीरनपुर में स्थित नलकूप के बोर की सफाई हेतु कम्प्रेसर का कार्य। | 423422.00 | 8470.00 | 944.00 | 01 माह |
| 2 | मोहल्ला शान्तीनगर ओ0एच0टी0 के पास स्थित नलकूप के बोर की सफाई हेतु कम्प्रेसर का कार्य। | 423422.00 | 8470.00 | 944.00 | 01 माह |
| 3 | मोहल्ला मिठ्ठनपुर में स्थित नलकूप के बोर की सफाई हेतु कम्प्रेसर का कार्य। | 423422.00 | 8470.00 | 944.00 | 01 माह |
| 4 | मोहल्ला आधारपुर में स्थित नलकूप के बोर की सफाई हेतु कम्प्रेसर का कार्य। | 423422.00 | 8470.00 | 944.00 | 01 माह |
| 5 | मोहल्ला रेडईया में स्थित नलकूप के बोर की सफाई हेतु कम्प्रेसर का कार्य। | 423422.00 | 8470.00 | 944.00 | 01 माह |

2. वेब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि एवं समयः– 10.07.2026 पूर्वान्ह 11:00 बजे।
3. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि एवं समयः– 17.07.2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 17.07.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://nppfatehpur.com व http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(रविन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

(राज कुमार मौर्य)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

01. सम्पादक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र ....–आपाधापी व स्वतंत्र भारत.... को इस आशय से प्रेषित है कि कृपया उपरोक्त निविदा सूचना अपने सम्मानित समाचार पत्र के अगले अंक में अधिकतम (120 sq.cm) स्थान पर प्रकाशित कराकर निर्धारित दर पर भुगतान हेतु दो प्रतियों में बिल प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
02. कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/तहसीलदार/ज़िला पंचायत तथा न0पा0प0 फतेहपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
03. लेखाकार, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।
04. अवर अभियन्ता (जल), नगर पालिका परिषद, फतेहपुर।
05. गार्ड फाइल।

(रविन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

(राज कुमार मौर्य)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद,
फतेहपुर।

Scanned with CamScanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, फतेहपुर

## (जलकल अनुभाग)

### ई–निविदा सूचना की नियम व शर्ते

01. सभी निविदा प्रपत्रों के साथ निविदा शुल्क (Non-refundable) GST सहित धनराशि ऑनलाइन RTGS के माध्यम से ई–टेण्डरिंग हेतु IDBI बैंक, फतेहपुर में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के नाम से **खाता संख्या 1060104000145473 व IFSC Code IBKL0001060** में जमा करना अनिवार्य होगा तथा कार्य की लागत का 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि Online/FDR/TDR/NSC के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, फतेहपुर के पद नाम से बन्धक कराकर अपलोड करना अनिवार्य होगा।।
02. निविदा के साथ तकनीकि बिड के अन्तर्गत वांछित (i) निविदा शुल्क जमा रसीद की प्रति एवं धरोहर धनराशि के Online/FDR/TDR/NSC व अन्य (ii) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र, (iii) जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण–पत्र, (iv) श्रम विभाग पंजीकरण प्रमाण–पत्र (v) जी0एसी0टी0 प्रमाण–पत्र (vi) आयकर प्रमाण पत्र (पैन), (vii) नलकूप बोर/कम्प्रेसर कार्य का अनुभव होना अनिवार्य है की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां अपलोड करना अनिवार्य होगा।
03. निविदा के साथ पिछले तीन वित्तीय वर्षो के लिए लेखा परीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित बैलेंस शीट, जिसमें स्पष्ट रूप से टर्नओवर और टीडीएस दर्शाया गया हो लगाना अनिवार्य होगा।
04. निविदा के साथ पिछले तीन वित्तीय वर्षो आई0टी0आर0 लगाना अनिवार्य होगा।
05. स्वीकृत आगणन दर से न्यूनतम/अधिक दर पर निविदा डालने वाले निविदादाता को न्यूनतम/अधिक दर पर कार्य करने का तकनीकि जस्टिफिकेशन साथ में संलग्न करना अनिवार्य है।
06. सशर्त निविदाएं मान्य नहीं होगी और न ही किसी प्रकार का प्रत्यावेदन स्वीकार होगा।
07. किसी निविदा को बिना कोई कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
08. ठेकेदार को आगणन के अनुसार कार्य करना होगा। कार्य में किसी भी प्रकार की त्रुटि/कमी पाये जाने पर निविदा निरस्त कर फर्म/ठेकेदार द्वारा जमानत धनराशि को जब्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।
09. यह कि स्वीकृत कार्यो के तीन चरण की फोटोग्राफी प्रथम–कार्य प्रारम्भ होने के पहले, द्वितीय–कार्य चलते समय एवं तृतीय–कार्य समाप्त होने के पश्चात एक ही स्थल का देना अनिवार्य होगा।
10. शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं विशिष्टियों के अनुसार कार्य गुणवत्ता पूर्वक करना होगा, जिसका सत्यापन जिलाधिकारी महो0 द्वारा गठित समिति से कराने पर कार्य संतोष जनक होने पर ही भुगतान किया जायेगा।
11. शा0सं0 86/2026/649/2026/23–7099/106/2025 लोक निर्माण अनुभाग–7 लखनऊः दिनांक 23 मई, 2026 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा पर शून्य, 10 प्रतिशत से अधिक निम्न तथा 15 प्रतिशत तक निम्न निविदा पर निविदा की आगणित लागत एवं निविदादाता की लागत के अन्तर का 50 प्रतिशत, 15 प्रतिशत से अधिक निम्न तथा 20 प्रतिशत तक निम्न निविदा पर निविदा की आगणित लागत एवं निविदादाता की लागत के अन्तर का 100 प्रतिशत एवं 20 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा पर निविदा की आगणित लागत एवं निविदादाता की लागत के अन्तर का 150 प्रतिशत की दर से परफार्मेन्स गारंटी मनी नियमानुसार अनुबन्ध की कार्यवाही के समय संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. नियमानुसार जी0एस0टी0 अलग से देय होगी।
13. सर्वाधिकार नगर पालिका परिषद, फतेहपुर में सुरक्षित रहेगा तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मा0 जनपद न्यायालय फतेहपुर का होगा।

(signature) 01/07/26
**अवर अभियन्ता (जल)**
नगर पालिका परिषद
फतेहपुर

(signature) 01/07/26
**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
फतेहपुर

Scanned with CamScanner